**कॉर्पोरेट कार्यालय, प्लॉट नंबर 4, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली 110075**

# प्रेस विज्ञप्ति

## 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए वित्तीय परिणाम

## मुख्य बातें

**वित्त वर्ष 2026 के लिए शुद्ध लाभ ₹16,900 करोड़ से अधिक रहा।**

- बैंक ने वित्त वर्ष 2026 के दौरान ₹16,904 करोड़ का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जिसमें वर्ष-दर-वर्ष 1.6% की वृद्धि हुई। वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ ₹5,225 करोड़ रहा, जो वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के ₹4,567 करोड़ के मुकाबले 14.4% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्शाता है।
- वित्त वर्ष 2026 में परिचालन लाभ ₹29,290 करोड़ हो गया जो वित्त वर्ष 2025 के मुक़ाबले वर्ष-दर-वर्ष 9.2% की वृद्धि दर्शाता है। परिचालन लाभ वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के ₹6,776 के विरुद्ध वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में 10.7% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि के साथ ₹7,500 करोड़ था।
- आस्तियों पर प्रतिफल वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के 1.02% से 4 आधार अंक बढ़कर वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में 1.06% हो गया।
- सकल गैर-निष्पादित आस्तियां अनुपात (GNPA ratio) 31 मार्च 2025 के 3.95% से वर्ष-दर-वर्ष 100 आधार अंक बढ़कर 31 मार्च 2026 को 2.95% पर आ गया।
- शुद्ध गैर-निष्पादित आस्तियां अनुपात (NNPA ratio) 31 मार्च 2025 के 0.40% से वर्ष-दर-वर्ष 11 आधार अंक बढ़कर 31 मार्च 2026 को 0.29% पर आ गया।
- प्रावधान कवरेज अनुपात (टीडबल्यूओ सहित) 31 मार्च 2025 के 96.82% से वर्ष-दर-वर्ष 32 आधार अंक बढ़कर 31 मार्च 2026 को 97.14% हो गया।
- प्रति शेयर बुक वैल्यू वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के ₹103.36 से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में ₹114.77 हो गई, जो 11.0% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्शाती है।
- प्रति शेयर आय वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही के ₹3.97 से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में ₹4.55 हो गई, जो 14.6% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्शाती है।
- कुल वैश्विक कारोबार 31 मार्च 2025 के ₹26.83 लाख करोड़ से वर्ष-दर-वर्ष 10.7% बढ़कर 31 मार्च 2026 को ₹29.70 लाख करोड़ हो गया।
- वैश्विक जमा 31 मार्च 2025 के ₹15.67 लाख करोड़ से वर्ष-दर-वर्ष 9.2% की वृद्धि के साथ 31 मार्च 2026 को ₹17.11 लाख करोड़ हो गई।
- वैश्विक अग्रिम 31 मार्च 2025 के ₹11.17 लाख करोड़ से वर्ष-दर-वर्ष 12.7% बढ़कर 31 मार्च 2026 को ₹12.59 लाख करोड़ हो गए।
- रैम अग्रिम 31 मार्च 2025 के ₹6.03 लाख करोड़ से वर्ष-दर-वर्ष 12.1% बढ़कर 31 मार्च 2026 को ₹6.76 लाख करोड़ हो गए।
- सीडी अनुपात 31 मार्च 2026 को 73.6% रहा, जबकि 31 मार्च 2025 को यह 71.3% था।
- सीआरएआर 31 मार्च 2025 के 17.01% से सुधरकर 31 मार्च 2026 को 17.74% हो गया, जो 73 आधार अंकों की वृद्धि दर्शाता है।

**कॉर्पोरेट कार्यालय, प्लॉट नंबर 4, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली 110075**

## प्रमुख मापदंडों में व्यावसायिक प्रदर्शन

### जमा

- बचत जमा वर्ष-दर-वर्ष 6.4% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹5,30,321 करोड़ हो गए।
- चालू जमा वर्ष-दर-वर्ष 5.6% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹79,294 करोड़ हो गए।
- कासा जमा वर्ष-दर-वर्ष 6.3% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹6,09,615 करोड़ हो गए।
- बैंक का कासा शेयर 31 मार्च 2026 तक 37.0% रहा।
- कुल सावधि जमा 31 मार्च 2026 तक वर्ष-दर-वर्ष 10.9% की वृद्धि के साथ ₹11,01,507 करोड़ हो गए।

### अग्रिम

- कुल खुदरा ऋण मार्च 2026 तक वर्ष-दर-वर्ष 8.3% बढ़कर ₹2,80,779 करोड़ हो गया।
- कोर खुदरा ऋण में 31 मार्च 2026 तक वर्ष-दर-वर्ष 18.2% की वृद्धि हुई। कोर खुदरा ऋण के अंतर्गत:
  - आवास ऋण वर्ष-दर-वर्ष 11.6% बढ़कर ₹1,29,832 करोड़ हो गया।
  - वाहन ऋण वर्ष-दर-वर्ष 35.1% की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹35,199 करोड़ तक पहुंच गया।
- कृषि अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष 10.7% बढ़कर ₹1,99,919 करोड़ हो गए।
- एमएसएमई अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष 19.9% बढ़कर ₹1,95,027 करोड़ हो गए।

## आस्ति गुणवत्ता

- सकल गैर-निष्पादित आस्तियां 31 मार्च 2026 को ₹6,958 करोड़ घटकर ₹37,124 करोड़ हो गई, जो 31 मार्च 2025 को ₹44,082 करोड़ थी ।
- शुद्ध गैर-निष्पादित आस्तियां 31 मार्च 2026 को ₹681 करोड़ घटकर ₹3,610 करोड़ हो गईं, जो 31 मार्च 2025 को ₹4,291 करोड़ थीं ।

## लाभप्रदता

- वित्त वर्ष 2026 के लिए शुद्ध लाभ ₹16,904 करोड़ रहा, जबकि इसी अवधि के लिए परिचालन लाभ ₹29,290 करोड़ तक पहुँच गया।
- वित्त वर्ष 2026 के लिए कुल आय वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 6.5% की वृद्धि के साथ ₹1,47,017 करोड़ थी ।
- वित्त वर्ष 2026 के लिए कुल ब्याज आय ₹1,28,223 करोड़ थी और वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही के लिए ₹32,157 करोड़ थी, जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर क्रमशः 5.3% और 0.5% की वृद्धि दर्शाती है।
- वित्त वर्ष 2026 के लिए गैर-ब्याज आय वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 15.2% की वृद्धि के साथ ₹18,794 करोड़ थी।
- वित्त वर्ष 2026 के लिए वैश्विक कुल ब्याज मार्जिन (NIM) 2.57% रहा।
- वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में कुल ब्याज व्यय वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 2.6% से बढ़कर ₹21,776 करोड़ रहा।
- वित्त वर्ष 2026 में परिचालन व्यय वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 2.5% से घटकर ₹31,464 करोड़ रहा और वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 19.0% से घटकर ₹7,042 करोड़ रहा।

## पूंजी पर्याप्तता

- पूंजी पर्याप्तता अनुपात 31 मार्च 2025 के 17.01% से बढ़कर 31 मार्च 2026 को 17.74% हो गया, जो 73 आधार अंकों का सुधार दर्शाता है।
- टियर-I पूंजी 31 मार्च 2025 के 14.05% से बढ़कर 31 मार्च 2026 को 15.15% हो गई (31 मार्च 2026 को सीईटी-I 13.62% और एटी-I 1.53% पर था)।
- टियर-II पूंजी 31 मार्च 2026 तक 2.59% थी।

## दक्षता/उत्पादकता अनुपात

कॉर्पोरेट कार्यालय, प्लॉट नंबर 4, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली 110075

- वैश्विक अग्रिम यील्ड वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में 7.51% और वित्त वर्ष 2026 में 7.80% रही।
- वैश्विक जमा लागत वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में 5.05% और वित्त वर्ष 2026 में 5.16% हो गई।
- वैश्विक निवेश यील्ड वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में 6.97% और वित्त वर्ष 2026 में 6.87% रही।
- प्रति कर्मचारी कारोबार 31 मार्च 2025 के ₹26.86 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2026 तक ₹29.42 करोड़ हो गया। प्रति शाखा कारोबार 31 मार्च 2025 के ₹253.55 करोड़ से बढ़कर 31 मार्च 2026 तक ₹275.63 करोड़ हो गया।
- प्रति कर्मचारी शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में ₹19.25 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में ₹21.91 लाख हो गया। प्रति शाखा शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में ₹181.75 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में ₹205.22 लाख हो गया।

## प्राथमिकता क्षेत्र की उपलब्धि

- प्राथमिकता क्षेत्र अग्रिम 40% के राष्ट्रीय लक्ष्य से अधिक रहा और यह एएनबीसी का 41.89% है।
- कृषि अग्रीम 18% के राष्ट्रीय लक्ष्य से अधिक रहा और यह एएनबीसी का 18.09% है।
- छोटे और सीमांत किसानों को ऋण 10% के राष्ट्रीय लक्ष्य से अधिक रहा और यह एएनबीसी का 10.53% है।
- कमजोर वर्गों को ऋण 12% के राष्ट्रीय लक्ष्य को पार कर गया और यह एएनबीसी का 13.72% है।
- सूक्ष्म उद्यमों को ऋण 7.50% के राष्ट्रीय लक्ष्य को पार कर गया और यह एएनबीसी का 9.70% है।

## वित्तीय समावेशन

- पीएमजेडीवाई खाते 31 मार्च 2025 में 542.89 लाख से बढ़कर 31 मार्च 2026 तक 571.84 लाख हो गए।
- 31 मार्च 2026 तक पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई के तहत नामांकन निम्नानुसार हैं:

(संख्या लाख में)

| जनसुरक्षा योजना में नामांकन | 31.03.2025 | 31.02.2026 |
|---|---|---|
| प्रधान मंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई) | 73.08 | 92.74 |
| प्रधान मंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) | 291.97 | 351.05 |
| अटल पेंशन योजना (एपीवाई) | 46.81 | 57.19 |

## डिजिटल प्रगति और पहल

- पीएनबी वन सक्रिय उपयोगकर्ताओं की संख्या वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही को 214 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही तक 260 लाख हो गई, जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 21% की वृद्धि दर्शाती है।
- व्हाट्सएप बैंकिंग उपयोगकर्ताओं की संख्या वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही को 62 लाख से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही तक 109 लाख हो गई, जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 77% की वृद्धि दर्शाती है।
- यूपीआई लेनदेन की संख्या वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में 267 करोड़ से बढ़कर वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में 323 करोड़ हो गई, जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 21% की वृद्धि दर्शाती है।
- पीएनबी वन बिज़ उपयोगकर्ताओं की संख्या वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में 2.99 लाख हो गई, जो वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 205% की वृद्धि दर्शाती है।
- वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में बैंक के कुल लेनदेन में डिजिटल लेनदेन का योगदान 95.16% रहा।
- डिजिटल ऋण जर्नी के माध्यम से स्वीकृत और संवितरित कुल राशि वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में ₹20,872 करोड़ को पार कर गई।
- वित्त वर्ष 2026 में सीबीडीसी उपयोगकर्ताओं की संख्या बढ़कर 10.50 लाख हो गई और लेनदेन की संख्या बढ़कर 71.89 लाख हो गई।

**कॉर्पोरेट कार्यालय, प्लॉट नंबर 4, सेक्टर-10, द्वारका, नई दिल्ली 110075**

- **शुरू की गई नई पहल:**
  - रिटेल इंटरनेट बैंकिंग के ज़रिए फ्लेक्सी आरडी खोलने की सुविधा
  - व्हाट्सएप बैंकिंग के जरिए आरडी खोलने की सुविधा
  - रिटेल इंटरनेट बैंकिंग और पीएनबी वन में मल्टी-करेंसी वर्ल्ड ट्रैवल कार्ड सेवाएँ
  - पीएनबी वन के माध्यम से मोबाइल नंबर बदलने की सुविधा
  - पीएनबी वन के माध्यम से क्रेडिट कार्ड को अस्थाई रूप से ब्लॉक/अनब्लॉक करें
  - पीएनबी वन के माध्यम से ईओडी / ईडीएल को समय से पहले बंद करने की सुविधा
  - सामान्य एआई – एआर/वीआर लर्निंग
  - एचएल (टॉप-अप), गृह वाटिका और डिजी एमएसएमई प्राइम वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में नई लॉन्च की गई डिजिटल ऋण जर्नी में से हैं।

## वितरण नेटवर्क

- 31 मार्च 2026 तक, बैंक की 10,324 घरेलू शाखाएँ और 2 अंतर्राष्ट्रीय शाखाएँ हैं। कुल शाखाओं में से, बैंक की 63.4% शाखाएँ ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में हैं।
- शाखाओं का वर्गीकरण निम्नानुसार है:

| श्रेणी | शाखाओं की संख्या | % भाग |
|---|---|---|
| ग्रामीण | 3961 | 38.4 |
| अर्ध शहरी | 2580 | 25.0 |
| शहरी | 2027 | 19.6 |
| मेट्रो | 1756 | 17.0 |

- बैंक के वितरण नेटवर्क में 11,065 एटीएम और 33,314 बीसी भी शामिल हैं, जिससे 31.03.2026 तक कुल टच पॉइंट्स की संख्या 54,703 हो गई है।

## पुरस्कार और सम्मान

- इंडस्ट्री एकेडेमिया कॉन्फ्रेंस (IAC) 2026 में इंस्टीट्यूशनल एक्सीलेंस अवार्ड
- ET Edge BFSI ने पीएनबी को 2026 के सबसे अच्छे BFSI ब्रांड्स में से एक माना
- SKOCH अवार्ड, परपेचुअल पाइपलाइन के लिए BFSI गोल्ड, डे-टू-डे लीड क्यूरेशन के लिए एक फ्रेमवर्क
- IBEX इंडिया BFSI टेक अवार्ड्स 2026 में टेक-ड्रिवन ऑपरेशनल एक्सीलेंस अवार्ड (सिल्वर)
- डेटा इनोवेशन अवार्ड्स 2026 सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर लीडर कैटेगरी में – हिताची वंतारा द्वारा

## बैंक की सोशल मीडिया उपस्थिति

- **फेसबुक: 32,75,044** फॉलोअर्स https://www.facebook.com/pnbindia/
- **X: 4,69,443** फॉलोअर्स https://twitter.com/pnbindia
- **इंस्टाग्राम: 10,07,910** फॉलोअर्स https://www.instagram.com/pnbindia
- **लिंक्डइन: 2,21,855** फॉलोअर्स https://in.linkedin.com/company/pnbindia
- **यूट्यूब: 4,09,467** सब्सक्राइबर https://www.youtube.com/pnbindia
- **थ्रेड्स: 48,920** फॉलोअर्स https://www.threads.net/@pnbindia

**स्थान: नई दिल्ली**
**दिनांक: 05.05.2026**